26-02-2020

Prof Narendra Mohan, Director, National Sugar Institute had been conferred with 'Innovative Academic Leader of the Year 2020' award for the exemplary work carried out by him in developing innovative technologies for waste water treatment and development of value added products from the waste of the sugar factories. The award was given by Meenakshi Lekhi, Member of Parliament and national spokesperson of BJP during the Second National Education Excellence Conclave organized by Integrated Chambers of Commerce and Industry at New Delhi. Top elites present on the occasion were Prof R. Hariharan, Advisor (Approval), AICTE and Dr Biswajit Saha, Director, CBSE, Ministry of HRD.

न्यूज डायरी

डॉ. नरेंद्र मोहन को इनोवेटिव अकादमिक लीडर पुरस्कार

दिल्ली में आयोजित समारोह में एनएसआई के निदेशक डॉ. नरेंद्र मोहन को पुरस्कार देतीं भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी।

कानपुर। नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट (एनएसआई) के निदेशक डॉ. नरेंद्र मोहन को इनोवेटिव अकादमिक लीडर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सोमवार को दिल्ली में आयोजित समारोह में भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता सांसद मीनाक्षी लेखी ने उन्हें यह पुरस्कार दिया। निदेशक डॉ. नरेंद्र मोहन को यह पुरस्कार चीनी मिलों के दूषित जल के शोधन की तकनीक विकसित करने, मिलों से निकलने वाले कचरे से उत्पाद बनाने, विभिन्न फ्लेवर की चीनी उत्पाद बनाने, मिलों में पानी की कम खपत की तकनीक विकसित करने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। इंटीग्रेटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के बैनर तले हुए राष्ट्रीय शैक्षिक उत्कृष्टता सम्मेलन में डॉ. नरेंद्र मोहन के इनोवेटिव कार्यों के बारे में बताया भी गया। समारोह में अखिल भारतीय भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सलाहकार (अनुमोदक) प्रोफेसर आर हरिहरन और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निदेशक डॉ. विश्वजीत साहा मौजूद रहे। ब्यूरो

प्रो. नरेंद्र मोहन को एकेडमिक लीडर पुरस्कार

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन को इनोवेटिव एकेडमिक लीडर पुरस्कार से नवाजा गया। यह पुरस्कार उन्हें भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद मीनाक्षी लेखी ने दिया। यह सम्मान दूषित जल शोधन तकनीक एवं शर्करा कारखानों से निकलने वाले अपशिष्ट से मूल्यवर्धित उत्पादों के विकास में योगदान को दिया गया। इंटीग्रेटेड चेम्बर ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शैक्षिक उत्कृष्टता सम्मेलन, नई दिल्ली में हुआ। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सलाहकार प्रो. आर हरिहरन, डॉ. विश्वजीत साहा आदि मौजूद रहे।

प्रो. नरेन्द्र मोहन को 'इनोवेटिव अकादमिक लीडर पुरस्कार'

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) के निदेशक प्रो.नरेन्द्र मोहन को दूषित जल शोधन तकनीक एवं शर्करा कारखानों से निकलने वाले अपशिष्ट से मूल्यवर्द्धित उत्पादों के विकास जैसे क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2020 के 'इनोवेटिव अकादमिक लीडर पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें इंट्रीगेटेड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा नई दिल्ली में आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय शैक्षिक उत्कृष्टता सम्मेलन में सांसद व भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता मीनाक्षी लेखी के हाथों प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सलाहकार (अनुमोदक) प्रो.आर हरिहरन एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निदेशक डॉ.विश्वजीज साहा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

शर्करा संस्थान के निदेशक को इनोवेटिव अकादमी लीडर पुरस्कार

कानपुर, 26 फरवरी। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन को इनोवेटिव अकादमी लीडर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें संस्थान को दूषित जल शोधन तकनीक व शर्करा कारखानों से निकलने वाले अपशिष्ट को मूल्यवान उत्पादों में परिवर्तित करने के लिए दिया गया। नई दिल्ली में इंटीग्रेटेड चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय शैक्षिक उत्कृष्टता सम्मेलन में उन्हें यह सम्मान दिया गया। इस अवसर पर भारतीय शिक्षा परिषद के सलाहकार प्रो. आर हरिहरन, सीबीएससी एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निदेशक डॉ विश्वजीत साहा भी मौजूद रहे।